
दैनिक जागरण 09/12/2025

# बच्चों को एआइ और साइबर सिक्योरिटी के प्रति किया जागरूक



केंद्रीय विद्यालय नंबर दो में कार्यक्रम में बच्चों के साथ प्रोफेसर • विज्ञप्ति

**अंबाला • विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के सहायक प्रोफेसरों ने केंद्रीय विद्यालय नंबर दो और चार में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग और साइबर सिक्योरिटी के बारे में जागरूक किया। केंवि नंबर दो में आयोजित सत्र में कालेज की सहायक प्राध्यापक डा. गीता कौशिक एवं डा. दिशा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स तथा डिजिटल मार्केटिंग के व्यावहारिक उपयोग, उनके लाभों और भविष्य में उनकी बढ़ती भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। डा. भारती सुजान और भारती शर्मा ने साइबर सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। डा. रोहित दत्त ने कहा कि कालेज समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आगे भी जागरूकता एवं कौशल-विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।